अब परिवार बाबा चलाता मेरा | By Kukki Arora

सब हारो का एक सहारा द्वारा खाटू श्याम का
उसकी नैय्या पार लगी जिसमें सजदा किया तेरे नाम का

जुड़ गया श्याम बाबा से नाता मेरा
अब परिवार बाबा चलाता मेरा
अब कमी ना रही जिंदगी में कोई
साथ हर पल कन्हैया निभाता मेरा

मौज में कट रहा जिंदगी का सफर
जब से मुझ पर पड़ी सांवरे की नजर
सच्चा रिश्ता है बाबा हमारा तेरा
अब परिवार बाबा चलाता मेरा

मुझको क्या डर तूफान का जो तू साथ है
मेरी नैया मेरे श्याम के हाथ है
मेरी नैया मेरे बाबा के हाथ है
डूब जाते ना होता सहारा तेरा
अब परिवार बाबा चलाता मेरा

जब से तेरा सहारा मिला सांवरे
फूल जैसा यह जीवन खिला सांवरे
तेरे बिन कैसे चलता गुजारा मेरा
अब परिवार बाबा चलाता मेरा

कुकी की जिंदगी अब तेरे नाम है
मेरी हर सांस में श्याम ही श्याम है
राम जो ना मुकद्दर बना था मेरा
अब परिवार बाबा चलाता मेरा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%85%e0%a4%ac-%e0%a4%aa%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%9a%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-k/